देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 204 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**असर ग्लोबल वार्मिंग का



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 17 नवंबर 2021



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम $23.0^{0}$ न्यूनतम $12.0^{0}$ | 38243.39

2 अफगानिस्तान को निगल नहीं सकते | 7 इंडिया के रिकार्ड को बेहतर करें रोहित

# विकास का एक्सप्रेसवे है पूर्वांचल एक्सप्रेसवे

## पीएम ने उत्तर प्रदेश के साथ देश को दिया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रूप में नायाब तौहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के साथ देश को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रूप में नायाब तौहफा दिया। उन्होंने 341 किलोमीटर लम्बे पूर्वांचल एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। तोहफा देंगे। इससे पीएम मोदी सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सुपर हरक्युलिस सी–130 जे विमान से उतरे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां पर उनका स्वागत किया। उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेस के उद्घाटन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने अखिलेश यादव पर इशारों में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 में जब केंद्र में उनकी सरकार थी तो यूपी की पिछली सरकार उनका साथ नहीं देती थी।

पीएम ने कहा कि कहा, किसी भी कार्यक्रम में मेरा साथ नहीं देते थे। उन्हें मेरे साथ मंच पर खड़े होने में डर लगता था क्योंकि उन्हें वोटबैंक प्रभावित होने का डर होता था। परिवारवादियों ने उन्हें अपमानित किया। पिछले मुख्यमंत्रियों के लिए विकास वहीं तक सीमित था जहां उनका घर था। लेकिन आज जितनी पश्चिम का सम्मान है, उतनी ही पूर्वांचल के लिए भी प्राथमिकता है।

पूर्वांचल के विकास का मुद्दा उठाते हुए पीएम ने कहा कि पूर्वांचल को माफियावाद और गरीबी के चलते जाना जाता था। अब वही पूर्वांचल विकास का नया अध्याय लिख रहा है। यह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे यूपी की शान है। पिछले समय में जो लंबी सरकारें चलीं, उन्होंने पूर्वी यूपी पर ध्यान नहीं दिया।

मोदी ने कहा कि आज जिसे भी यूपी के सामर्थ्य पर, यूपी के लोगों के सामर्थ्य पर संदेह हो तो यहां आकर देख सकता है 3 साल पहले यहां जमीन थी, अब वहां से आधुनिक एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। उन्होंने कहा, 3 साल पहले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया था, तब नहीं सोचा था कि एक दिन विमान से उसी पर मैं उतरूंगा।

**राह नहीं बनती थी, राहजनी होती थीः** मोदी ने कहा कि यूपी में बिजली कटौती होती थी, कानून व्यवस्था खराब थी। स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल थीं। राह चली नहीं, राहजनी होती थी। अब राहजनी नहीं, गांव–गांव नई राह बन रही है, नई सड़कें बन रही हैं। पिछले चार वर्षों में पूर्व हो या पश्चिम हजारों गांवों को नई सड़कों से जोड़ा गया है। हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनाई गई हैं।

### हवाई पट्टी पर एयर शो ने लोगों का मन मोह लिया

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के उद्घाटन समारोह के बाद भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों के एक्सप्रेसवे पर निर्मित 3.2 किमी लंबी हवाई पट्टी पर एयर शो ने लोगों का मन मोह लिया। यहां पर सुखोई, मिराज, जगुआर सहित वायुसेना के कई विमानों ने अपना करतब दिखाया। सुल्तानपुर जिले में एक्सप्रेसवे आपात स्थिति में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों की लैंडिंग और टेक आफ करने में सक्षम होगी।



### पचा नहीं पा रहे योगी की सफलता

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आज यूपी की इस खाई को पाट रहा है, यूपी को आपस में जोड़ रहा है। जो सफलता देख नहीं पा रहे वह पचा कैसे पाएंगे। हमारा कर्म सेवाभाव में जुटे रहना है। हम इसी कर्मयोग को लेकर जुटे रहेंगे। पीएम ने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि कुछ लोग अपना आपा खो रहे हैं, विचलित हो रहे हैं, ये वही लोग हैं लोग अपने समय में सफल नहीं हुए तो योगी जी की सफलता देख कर परेशान हैं।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की बताई विशेषताएं

विशेषता यही नहीं है कि लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, मऊ, आंबेडकर नगर, आजमगढ़ और गाजीपुर को जोड़ेगा। इसकी विशेषता यह है कि यह लखनऊ से उन शहरों को जोड़ेगा जिनमें विकास की असीम संभावना है। यूपी सरकार योगी के नेतृत्व में 22 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए हों लेकिन भविष्य में यह लाखों करोड़ उद्योगों को यहां लाने में मदद करेगा। पीएम ने कहा कि कुशीनगर में अंतराराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। अब पूर्वांल एक्सप्रेसवे सौंपने का सौभाग्य मिला है। गरीब और मध्यमवर्ग को इस एक्सप्रेसवे का फायदा मिलेगा। श्रमिक और उद्यमी सबको इसका फायदा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षाबलों ने हैदरपोरा मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। पुलिस को श्रीनगर के हैदरपोरा स्थित एक मकान में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर आतंकियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आतंकियों ने आत्मसमर्पण करने की बजाय सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकियों को मार गिराया।

### अगले तीन दिनों में हवा होगी और जहरीली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण आम आदमी का खुली हवा में सांस लेना दूभर हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों और पर्यावरण एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले तीन दिन हवा में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंचने की संभावना है।

# आज से खुल जाएगा करतारपुर कारिडोर

## गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर दी खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व से पहले पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए करतारपुर कारिडोर खोल दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार को इस बात का एलान किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा कि सिख तीर्थयात्रियों को लाभान्वित करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। 17 नवंबर यानी बुधवार से करतारपुर साहिब कारिडोर खोल दिया जाएगा।

अमित शाह ने अपने ट्वीट में लिखा, सिख तीर्थयात्रियों को लाभान्वित करते हुए एक बड़ा फैसला लिया गया है। इसके तहत केंद्र सरकार ने कल 17 नवंबर से करतारपुर साहिब कारिडोर को फिर से खोलने का फैसला किया है। यह निर्णय श्री गुरु नानक देव जी और हमारे सिख समुदाय के प्रति मोदी सरकार की अपार श्रद्धा को दर्शाता है।

बता दें कि इस संबंध में सोमवार को पंजाब भाजपा के नेताओं के एक शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से मुलाकात की थी। पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ मुलाकात करने पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह सोढ़ी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरजीत सिंह ग्रेवाल व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिक्रमजीत सिंह चीमा ने राष्ट्रपति से मांग की थी कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर करतारपुर कारिडोर को संगतों के लिए खोल दिया जाए।

बता दें कि 19 नवंबर को प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 60 सालों तक तत्कालीन सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। साल 2014 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद इस ओर प्रयास शुरू किए गए।

### भारत का हिस्सा होना चाहिए था



करीब डेढ़ साल पहले कोरोना महामारी के चलते कारिडोर को बंद कर दिया गया था। अश्विनी शर्मा ने कहा कि आजादी के वक्त तत्कालीन कांग्रेस नेताओं की गलत नीतियों के चलते करतारपुर साहिब गुरुद्वारा पाकिस्तान के पास चला गया था, जबकि गुरुद्वारा और उसके आस–पास का क्षेत्र भारत का हिस्सा होना चाहिए था।

# दोनों डोज लगवा चुके परिवारों के घरों पर लगाए जाएं स्टीकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**अलर्ट**

■केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने दिए सुझाव

नई दिल्ली। देश में युद्धस्तर पर कोरोना टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को गैर–सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों और विकास भागीदारों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने हर घर दस्तक कोविड टीकाकरण अभियान को पूरे देश में ले जाने के लिए कई अहम सुझाव दिए। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सुझाव दिया कि कोरोना रोधी वैक्सीन के दोनों टीके लगवा चुके लोगों को पूर्ण टीकाकरण का स्टीकर दिया जाना चाहिए। यह स्टीकर वे उनके घरों पर चस्पा करें ताकि अन्य परिवारों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिले। मंडाविया ने कहा कि भारत के टीकाकरण कार्यक्रम जैसे विशाल अभ्यास के लिए जन–भागीदारी बहुत आवश्यक है।

बैठक में मंत्री ने कहा कि देश में अब तक 80 फीसद आबादी को कोरोना के टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है और 40 फीसद आबादी को दूसरी खुराक दी गई है। मंडाविया ने कहा कि उन्होंने टीकाकरण की पहुंच और कवरेज को आगे बढ़ाने में सरकार की मदद करने वाले विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की है। स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों खुराकों के 100 फीसद के साथ कोरोना टीकाकरण अभियान को तत्काल पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर किसी का टीकाकरण हो। स्वास्थय मंत्री ने बैठक में भागीदारों को सामुदायिक जागरूकता पैदा करने और टीकाकरण अभ्यास को जन आंदोलन में बदलने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। मंडाविया ने भागीदारों को उनकी क्षमता के अनुसार एक क्षेत्र की पहचान करने और वहां के सभी निवासियों के बीच संतृप्त टीकाकरण का सुझाव दिया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तेजी से घूमा अर्थव्यवस्था का पहिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के कार्यालय में मंगलवार को पहले ऑडिट दिवस को संबोधित कर रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कई मुद्दों को छुआ, जिसमें एक नोटबंदी भी था। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुद्रीकरण जैसे बड़े फैसले लिए। इसकी वजह से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिली। इसका पूरी दुनिया ने स्वागत भी किया। उन्होंने ये भी कहा कि हम देश की पुरानी सरकारों के बारे में जानते हैं और उनकी हकीकत भी जानते हैं। हमारी सरकार समस्याओं का समाधान तभी कर सकी जब हम उन समस्याओं की सही तरीके से पहचान कर सके।

पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में कहा कि पारदर्शिता न होने की वजह से बैंकिंग सेक्टर में पहले दूसरी ही प्रक्रिया इस्तेमाल में लाई जाती थी। इसका परिणाम हुआ एनपीए का दायरा बढ़ता ही गया। उन्होंने कहा कि आप भी इस बात से बखूबी परिचित हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से चीजों को सुधारा।

### पूरी दुनिया ने सरकार ने बड़े फैसलों को सराहा